धूमधाम से मना निर्जला एकादशी का पर्व, जगह-जगह लगी ज्यूस की छबील

सीमा सन्देश संवाददाता

प्रसादी का हुआ वितरण

कोटपूतली। क्षेत्र में बुधवार को निर्जला एकादशी का पर्व बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।सामाजिक संस्था श्री कल्याण जी मंदिर एवं अग्रसेन कॉलोनी के तत्वावधान में गुरुवार को अग्रसेन कॉलोनी के बाहर, पावर हाउस के पास स्थित प्रकाश किराणा स्टोर के निकट विशाल जलपान एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

समाजसेवी रजत जिन्दल ने बताया कि भंडारा प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक चला, जिसमें श्रद्धालुओं एवं राहगीरों के लिए आम का जूस, आईसक्रीम, रसगुल्ले सहित जलपान एवं प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई थी।निर्जला एकादशी के पुण्य पर्व पर आयोजित इस धार्मिक एवं सेवा भाव से जुड़े कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलपान एवं प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर श्री कल्याण जी मंदिर समिति एवं अग्रसेन कॉलोनी के सदस्यों ने कहा कि निर्जला एकादशी के अवसर पर आयोजित यह भंडारा सामाजिक समरसता, सेवा और धार्मिक आस्था का प्रतीक माना जा रहा है। इस दौरान हरिराम जिन्दल, प्रकाश पवाना वाले, सतीश जिन्दल, कृष्णावतार जिन्दल, अशोक केशवाना वाले, राजेश मित्तल, नितेश बंसल, प्रेम हलवाई, संजय मित्तल, राकेश बीदाणी, अमन, देव, दीपक, पुलकित, स्पर्श, अनुराग, रामसिंह सैनी, सोनू शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता श्रद्धालु मौजूद रहे। इसी प्रकार बानसूर रोड़ स्थित धर्मकांटे के पास गन्ने के जूस की स्टाल लगाकर राहगीरों को ठंडा ज्यूस पिलाया गया। मनोज भारद्वाज ने बताया कि इस दौरान श्रद्धालुओं ने तन-मन से सेवाएं दी। इसी प्रकार निकटवर्ती ग्राम पाथरेड़ी मोड़ पर निर्जला एकादशी के अवसर पर सांवरिया सारथी ग्रुप के तत्वाधान में बाबा श्याम की भव्य सेवा एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक एवं सेवा गतिविधियों की विशेष व्यवस्था की गई।

ग्रुप के अध्यक्ष रवि प्रजापति एवं उपाध्यक्ष नितिन प्रजापति ने बताया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से लगातार निर्जला एकादशी पर बाबा श्याम के भक्तों और आमजन की सेवा के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

अवैध हथियारों के खिलाफ जिला पुलिस की मुहिम तेज, आमजन से मांगा सहयोग

कोटपूतली-बहरोड़। जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला पुलिस ने विशेष जन-जागरूकता अभियान शुरू किया है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी व्यक्ति, अवैध हथियार सप्लायर, हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर अपराधी अथवा नए युवाओं के पास अवैध हथियार रखने, बेचने या उनसे अपराध करने संबंधी कोई सूचना हो तो तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं।

UGRO CAPITAL

यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड

बी-17, चौथा तल, आर्ट गिल्ड हाउस, फोनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला(पश्चिम), मुंबई-400070

निजी समझौते द्वारा अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अधीन अचल आस्ति(यों)(सुरक्षित आस्ति(यों)') के विक्रय के लिए 15 दिनों की बिक्री सूचना

आमजन और विशेष रूप से ऋणधारक(ों) और गारंटर(ों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सुरक्षित आस्ति(याँ), जो यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड ('सुरक्षित लेनदार') के पास बंधक रखी गई हैं और जिनका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसे **ऋणधारक(ों) और जमानतदार(ों)** के नाम **1) दुल्हन मोबाइल पॉइंट 2) दुल्हन फर्नीचर हाउस 3) बुद्ध राम 4) संजू देवी से सुरक्षित लेनदार के देय, 06.10.2025 के अनुसार रु. 26,53,902/- (रुपये छब्बीस लाख तिरेपन हजार नौ सौ दो मात्र)इसपर भुगतान तिथि तक आगामी ब्याज और अन्य खर्चों सहित बकाया के लिए** इस सूचना की तिथि से 15 दिनों के बाद निजी समझौते के माध्यम से 'जो है क्या है' और 'जो है जहां है' और 'वहां जो कुछ भी है' के आधार पर बेची जाएंगी।

आरक्षित मूल्य रुपये 20,00,000/- होगा।

सुरक्षित आस्ति(यों) का विवरण:

खसरा नंबर 844, गांव बडागांव, तहसील गुडागोरजी, जिला झुंझुनू (राजस्थान) में स्थित आवासीय प्लाट नाप 128.90 वर्ग मीटर, **उत्तर** - मानकचंद टिबड़ेवाल की भूमि, दक्षिण - आम चौक, पूर्व - विक्रेता की अपनी भूमि, पश्चिम - रास्ता

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया व यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट www.ugrocapital.com पर दिए गए लिंक को देखें या Authorised.officer@ugrocapital.com पर संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए इनसे संपर्क करें: आरसीएम- गुरप्रीत कलसी - 9855110826, एससीएम - जालिम सिंह शेखावत - 7229910222, एडीएम- विवेक कुमार - 9811915502।

स्थान: राजस्थान
दिनांक: 27.06.2026

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के लिए

» संक्षिप्त समाचार

जाट छात्रावास के विकास को लेकर आम सभा आयोजित

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास कोटपूतली में गुरुवार को छात्रावास के विकास एवं भावी योजनाओं को लेकर अर्द्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का शुभारंभ महाराजा सूरजमल के चित्र पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। बैठक की अध्यक्षता छात्रावास के संरक्षक रामजीलाल जाखड़ ने की। बैठक में छात्रावास की प्रगति, आय-व्यय, निर्माण कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कोषाध्यक्ष लीलाधर लाम्बोरा ने छात्रावास के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में समाज के वरिष्ठ नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों एवं युवाओं ने अपने विचार रखे तथा छात्रावास के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। छात्रावास के सभागार के नवीनीकरण, मुख्य द्वार निर्माण तथा छात्रावास में निर्माणाधीन 11 कमरों की प्रगति रिपोर्ट पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि छात्रावास प्रबंधन समिति के अतिरिक्त विद्यार्थियों के विकास एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक अलग छात्र विकास समिति का गठन किया जाएगा। साथ ही समाज के प्रत्येक गांव तक पहुंचकर अधिक से अधिक लोगों को छात्रावास से जोड़ने एवं उनके सुझाव लेने का भी निर्णय लिया गया। अध्यक्ष बाबूलाल चौधरी ने कहा कि छात्रावास समाज की अमूल्य धरोहर है। इसके विकास में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। महामंत्री एड. मनोज चौधरी ने कहा कि छात्रावास समाज के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का केंद्र है। समाज के सहयोग से इसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जायेगा। बैठक में प्रो. पी सी जाट, प्रगतिशील किसान कैलाश धुंआ, एड. सुरेन्द्र चौधरी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी, आजाद मान, रोहिताश ताखर, कैलाश जाखड़, महेश जाखड़, शिक्षाविद राजेश चौधरी आदि ने अपने विचार रखे। इस मौके पर युवा जाट महासभा के अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी, संजय चौधरी, राजेश धींधवाल, प्रकाश ओला, विजय गिठाला, सतपाल जाट सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे एवं छात्रावास के विकास में सक्रिय सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक के अंत में छात्रावास के विकास, विद्यार्थियों की सुविधाओं एवं समाज की सहभागिता को बढ़ाने के लिए सभी ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



सड़क पर जलभराव से शवयात्रा निकालना भी मुश्किल, हालात बदतर

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। निकटवर्ती कंवरपुरा गांव की मुख्य सड़क पर लंबे समय से बने जलभराव ने ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सड़क पर घुटनों तक भरे गंदे पानी के कारण पैदल चलना और वाहनों की आवाजाही मुश्किल हो गई है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि ग्रामीणों को शवयात्रा निकालने में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क गांव की प्रमुख संपर्क सड़क है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़क लंबे समय से तालाब में तब्दील बनी हुई है। गंदे पानी के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है, वहीं संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि कंवरपुरा क्षेत्र का शिक्षित, जागरूक और संपन्न गांव माना जाता है, जहां बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी, शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी निवास करते हैं। इसके बावजूद गांव की मुख्य सड़क पर जलनिकासी जैसी मूलभूत सुविधा का अभाव प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को उजागर करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि समस्या का केवल अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी समाधान कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आगामी बरसात में स्थिति और भी भयावह हो जाएगी।

जिला कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव दूसरे दिन भी रहा जारी

एनजीटी के आदेशों की पालना की मांग तेज, 5 क्रमिक अनशन पर

सीमा सन्देश संवाददाता

पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

कोटपूतली। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति के बैनर तले जिला कलक्टर कार्यालय के बाहर शुरू हुआ महापड़ाव शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन भी उग्र रूप से जारी रहा। प्रशासन की अनदेखी से नाराज आंदोलनकारियों ने अब क्रमिक अनशन की शुरूआत कर दी है। धरने के दूसरे दिन समिति के सचिव कैलाश यादव, उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास, रामनिवास गुरुजी व निहाल सिंह यादव समेत 05 धरनार्थी क्रमिक अनशन पर बैठे। संघर्ष समिति ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगों पर उचित सुनवाई नहीं होती, तब तक रोजाना 05 धरनार्थी इसी तरह क्रमिक अनशन पर बैठेंगे।

राजनैतिक दलों का मिला समर्थन, प्रशासन को बताया 'फेलियर' :- आंदोलन के दूसरे दिन महापड़ाव स्थल पर राजनैतिक गरमाहट भी देखने को मिली। वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, कांग्रेस प्रदेश सचिव जगदीश मीणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व चेयरमैन प्रकाश चंद सैनी एवं आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जगदीश मीणा धरने को समर्थन देने पहुंचे। महापड़ाव को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामनिवास यादव ने स्थानीय प्रशासन को पूरी तरह 'फेलियर' (विफल) करार दिया। उन्होंने जोधपुरा संघर्ष समिति के हौंसले की सराहना करते हुए कहा कि इस संघर्ष को आने वाली पीढ़ियां हमेशा याद रखेंगी।

उन्होंने जिला कलक्टर से शीघ्र सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि धरने की सभी मांगें पूरी तरह वाजिब हैं। एनजीटी के आदेशों की पालना में हो रही देरी के लिए उन्होंने सीधे तौर पर जिला कलक्टर को जिम्मेदार ठहराया।

महिला-बच्चों सहित ग्रामीणों का भारी हुजूम

धरना स्थल पर जोधपुरा संघर्ष समिति के आह्वान पर भारी संख्या में ग्रामीण जुटे हुए हैं। शुक्लावास से रंगलाल आर्य, पंच भागीरथ गुर्जर, कृष्णा रावत, ग्यारसी लाल आर्य, रोहताश यादव समेत भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष व बच्चे कड़ाके की धूप और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद डटे हुए हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन की ओर से एसडीएम योगेश सिंह देवल व डीएसपी लक्ष्मी सुथार भारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर मौजूद रहे। हालांकि एनजीटी के आदेशों की पालना करवाने को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई ठोस आश्वासन या कार्यवाही नहीं देखी गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश और बढ़ गया।

जब तक सुनवाई नहीं, तब तक पीछे नहीं हटेंगे

सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास व समिति के अन्य पदाधिकारियों ने दो टूक शब्दों में कहा कि यह लड़ाई जोधपुरा के अस्तित्व और पर्यावरण की रक्षा की है। जब तक प्रशासन एनजीटी के आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित नहीं करता और ग्रामीणों की सुनवाई नहीं होती, तब तक यह महापड़ाव और क्रमिक अनशन अनवरत जारी रहेगा। ग्रामीण किसी भी सूरत में पीछे हटने को तैयार नहीं हैं।

UGRO CAPITAL

यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड

बी-17, चौथा तल, आर्ट गिल्ड हाउस, फोनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला(पश्चिम), मुंबई-400070

निजी समझौते द्वारा अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए विक्रय सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अधीन अचल आस्ति(यों)(सुरक्षित आस्ति(यों)') के विक्रय के लिए 15 दिनों की बिक्री सूचना

आमजन और विशेष रूप से ऋणधारक(ों) और गारंटर(ों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सुरक्षित आस्ति(याँ), जो यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड ('सुरक्षित लेनदार') के पास बंधक रखी गई हैं और जिनका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, जिसे **ऋणधारक(ों) और जमानतदार(ों)** के नाम **1) दुल्हन फर्नीचर हाउस 2.) बुद्ध राम 3. सन्जु देवी से सुरक्षित लेनदार के देय, 01 अगस्त 2025 के अनुसार रु. 1,87,66,603.00/-(रुपये एक करोड़ सतासी लाख छियासठ हजार छह सौ तीन मात्र)इसपर भुगतान तिथि तक आगामी ब्याज और अन्य खर्चों सहित बकाया के लिए** इस सूचना की तिथि से 15 दिनों के बाद निजी समझौते के माध्यम से 'जो है क्या है' और 'जो है जहां है' और 'वहां जो कुछ भी है' के आधार पर बेची जाएंगी।

आरक्षित मूल्य रुपये 55,00,000/- होगा।

सुरक्षित आस्ति(यों) का विवरण:

जांच की गई संपत्ति और गिरवी रखने के लिए प्रस्तावित आवासीय भूखंड (प्लॉट), जिसका माप 542.84 वर्ग मीटर है, का पूरा विवरण (इसमें प्लॉट नंबर, सर्वे नंबर, वार्ड नंबर आदि के साथ-साथ भूमि का क्षेत्र/ फ्लैट या भवन का क्षेत्र और संपत्ति की सीमाएं स्पष्ट होनी चाहिए जैसा कि स्वामित्व के दस्तावेजों में उल्लेखित है) (मिसल नंबर 2) (पट्टा नंबर 2) ग्राम पंचायत बड़ागांव, पंचायत समिति उदयपुरवाटी, तहसील गुढ़ागोड़जी, जिला झुंझुनूं (राजस्थान)। उक्त आवासीय संपत्ति की चार सीमाएं प्लाट माप 542.84 स्कैयर मीटर्स : पूर्वः कंचन कंवर पत्नी मोती सिंह, पश्चिमः दिनेश कुमार/शिवनाथ राय, उत्तरः लक्ष्मीनारायण सौथलिया, दक्षिणः आम रास्ता (कॉलेज रोड)।

खसरा नंबर 844, गांव बडागांव, तहसील गुढ़ागोरजी, जिला झुंझुनूं (राजस्थान) स्थित आवासीय प्लॉट नाप 128.90 वर्ग मीटर उक्त उक्त सम्पत्ति आवासीय प्लॉट माप 128.90 स्कैयर मीटर्स की चार सीमाएं: पूर्वः विक्रेता की अपनी जमीन, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः मानकचंद टिबड़ेवाल की जमीन, दक्षिणः आम चौक।

दुकान नंबर 32, ग्राउंड फ्लोर, नाप 328.125 वर्ग फीट, गांव बडागांव, तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनूं (राजस्थान)। उक्त सम्पत्ति की चार सीमाएं दुकान संख्या 32 नाप 328.12 वर्ग फीट, पूर्वः शिव मंदिर, पश्चिमः विक्रेता की दुकान नंबर 31, उत्तरः फकीर मोहम्मद का घर, दक्षिणः 10 फीट चौड़ा रास्ता।

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया व यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट www.ugrocapital.com पर दिए गए लिंक को देखें **या Authorised.officer@ugrocapital.com पर संपर्क करें। अधिक जानकारी के लिए इनसे संपर्क करें: आरसीएम- गुरप्रीत कलसी - 9855110826, एससीएम - जालिम सिंह शेखावत - 7229910222, एडीएम- विवेक कुमार - 9811915502।**

स्थान: राजस्थान
दिनांक: 27.06.2026

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के लिए

सिद्धार्थ कसाना की ऑल इंडिया 74वीं रैंक

जेएनयू में चमका कोटपूतली का सितारा, पिता का सपना पुरा कर बढ़ाया मान

सीमा सन्देश संवाददाता

कोटपूतली। ग्रामीण अंचल की प्रतिभायें जब राष्ट्रीय पटल पर चमकती हैं, तो पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी होनहार छात्र सिद्धार्थ कसाना ने। सिद्धार्थ ने देश के सबसे प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू विष्वविद्यालय (जेएनयू) दिल्ली की प्रवेश परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता हांसिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने सीयूईटी पीजी परीक्षा के बेहद कठिन माने जाने वाले विषय अंतर्राष्ट्रीय संबंध और एरिया स्टडीज में ऑल इंडिया 74 वीं रैंक हांसिल की है।

गुरुओं का मार्गदर्शन और भाईयों का संबल बना सफलता का आधार :- सिद्धार्थ की इस स्वर्णिम सफलता के पीछे दृढ़ संकल्प और कुशल मार्गदर्शन की एक प्रेरक कहानी है। इस कठिन परीक्षा को पास करने में उन्हें यहां के राजकीय एलबीएस पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर घनश्याम कसाना व इतिहास के व्याख्याता अशोक कुमार का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपने दोनों बड़े भाईयों और गुरुओं को देते हुए सिद्धार्थ ने कहा कि प्रो. घनश्याम के पढ़ाने का बेमिसाल तरीका, उनकी सटीक गाईडलाईन और निरंतर उत्साहवर्धन ने इस कठिन राह को मेरे लिए बेहद आसान बना दिया। परिवार और गुरुजनों के विष्वास के बिना यह मुकाम हासिल करना मुमकिन नहीं था।

समाज सेवा की पृष्ठभूमि, पिता की प्रेरणा आई काम

सिद्धार्थ कसाना समाजसेवी सुरेश चंद गुर्जर के पुत्र हैं। गौरतलब है कि सुरेश चंद गुर्जर की गुर्जर समाज सुधार मुहिम में हमेशा से बेहद अहम भूमिका रही है। उनकी बेहतरीन लेखनी और ओजस्वी भाषणों की गूंज आज देश-विदेश के करोड़ों लोगों तक पहुंच चुकी है, जो युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणा और दिशा-निर्देश का कार्य करती है। पिता के इन्हीं संस्कारों और समाज के प्रति सेवा भाव ने सिद्धार्थ को हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

पिता का अधूरा ख्वाब बेटे ने किया हकीकत में तब्दील

सिद्धार्थ की इस बड़ी कामयाबी पर भावुक होते हुए उनके पिता सुरेश चंद गुर्जर ने एक पुरानी याद साझा की। उन्होंने बताया कि जेएनयू में पढ़ने का सपना कभी मेरा भी था। कठिन परीक्षा पास कर मुझे वहां प्रवेश मिल भी गया था, लेकिन उस दौर की कुछ विकट पारिवारिक परिस्थितियों के कारण मेरा वह ख्वाब अधूरा रह गया। आज मेरे बेटे ने अपने परिश्रम से मेरे उसी अधूरे ख्वाब को हकीकत में बदल दिया है। उसने ना सिर्फ हमारा, बल्कि पूरे कोटपूतली क्षेत्र का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।

क्षेत्र में जश्न का माहौल, बधाईयों का तांता

ग्रामीण अंचल के एक साधारण परिवार से निकलकर देश के शीर्ष विष्वविद्यालय में 74 वीं रैंक के साथ जगह बनाना कोटपूतली के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस खबर के आते ही कल्याणपुरा खुर्द सहित पूरे कोटपूतली क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। सोशियल मीडिया से लेकर धरातल तक ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और शुभचिंतक सिद्धार्थ और उनके परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर लगातार बधाईयां दे रहे हैं। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों का कहना है कि सिद्धार्थ की यह सफलता स्थानीय युवाओं के लिए सिविल सेवा और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त करेगी।

किसान के पास उपलब्ध खेती की जमीन के आधार पर मिलेगी खाद

कोटपूतली। भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय के निर्देशानुसार राज्य में अनुदानित उर्वरकों के विक्रय एवं वितरण की नई व्यवस्था पायलेट आधार पर राजसमन्द व सिरोही जिले में प्रारम्भ हो चुकी है। राज्य के अन्य समस्त जिलों में भी शीघ्र इसी व्यवस्था से खाद का विक्रय व वितरण किया जायेगा। एग्रीस्टेक योजना के तहत जारी फॉर्मर रजिस्ट्री आधारित फ्रेमवर्क फार फर्टिलाईजर सेल्स प्रणाली के अंतर्गत की गई नई व्यवस्था में किसानों द्वारा फॉर्मर आईडी के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा।

सूचना

मेरे पिताजी मदन सिंह का निधन 05.04.2026 को हो गया है। मेरे पिताजी मदन सिंह के नाम से एक वाहन फोर्ड फिगो गाड़ी (आरजे–18,सीबी–3371) व दूसरी होंडा एक्टिवा स्कूटी (आरजे-18,एस एस-2856) रजिस्टर्ड है। मेरे पिताजी मदन सिंह के निधन पर यह गाड़ी व स्कूटी अब मैं और मेरी बहन सरिता अपनी मां सुविरा ढाका के नाम से करवाना चाहते है। जिस किसी को आपत्ति हो। सात दिवस में जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय झुंझुनूं अपनी आपत्ति दर्ज करवाए। बाद मियाद कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

अमित कुमार ढाका पुत्र स्व. श्री मदन सिंह जाति जाट निवासी ढाका का बास पोस्ट भगेरा तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनूं, राजस्थान

UGRO CAPITAL

यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड

बी-17, चौथा तल, आर्ट गिल्ड हाउस, फोनिक्स मार्केट सिटी, कुर्ला(पश्चिम), मुंबई-400070

अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों(सुरक्षित आस्ति(यों)) के विक्रय के लिए 15 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणधारक(ों) और जमानतदार(ों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित सुरक्षित आस्ति(यों) यू जीआरओ कैपिटल लिमिटेड ('सुरक्षित लेनदार') को बंधक / चार्ज की गई है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, उसे नीचे उल्लिखित ऋणधारक(ों) और जमानतदार(ों) से सुरक्षित लेनदार के निम्नलिखित बकाया व इसकी वसूली व भुगतान की तिथि तक आगामी ब्याज और अन्य खर्चों सहित बकाया की वसूली के लिए 'जो है क्या है' और 'जो है वहां है' और 'वहां जो भी है' के आधार पर नीचे उल्लेखित तिथि व समय को बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि भी नीचे उल्लिखित है:

क्र. सं.	ऋणधारक(ों)/ जमानतदार(ों) का विवरण	सुरक्षित आस्ति(यों) का विवरण:	नीलामी का विवरण	
1	1.मातेश्वरी इलेक्ट्रिक इंजीनियर्स 2.जगदीश चंद्रा तेली 3 तारा देवी एलएएन- HCFUDPSEC00001045147	**प्लॉट नंबर 23**, यहां गाँव - मोही, ग्राम पंचायत - मोही, तहसील राजसमंद, (अराजी नंबर 2297/1, 2298/6) ज़िला राजसमंद (राजस्थान) में स्थित है, जिसका अधिमापन क्षेत्र 1648 वर्ग फीट (इसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा)। उत्तर - अराजी नंबर 2296 की जमीन, दक्षिण - 25 फीट चौड़ा रास्ता, पूर्व - प्लॉट नंबर 25, पश्चिम - प्लॉट नंबर 22। **प्लॉट नंबर 24, यहां** - गाँव - मोही, ग्राम पंचायत - मोही, तहसील राजसमंद, (अराजी नंबर 2297/1, 2298/6) ज़िला राजसमंद (राजस्थान), अधिमापन क्षेत्र 1859 वर्ग फीट (इसे आगे 'उक्त संपत्ति' कहा जाएगा)। उत्तर - प्लॉट नंबर 25, दक्षिण - रास्ता, पूर्व - रास्ता, पश्चिम - प्लॉट नंबर 23।	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि / नीलामी की तिथि	Rs.1,05,06,000/- / Rs.10,50,600/- / 15.07.2026 / 16.07.2026
2	1. माँ मेल्डी ज्वेलर्स 2. राधा देवी सोनी 3. मुकुल सोनी 4. सोनल राकेश सोनी 5. राकेश सोनी एलएएन- UGUDPSS0000042971	**संपत्ति 1:**- एलआईजी फ्लैट नंबर ए-802, ब्लॉक ए, 8वीं मंज़िल, प्लॉट नंबर 01, यहां रेवेन्यू विलेज बेदला, (खसरा नंबर 2439) ज़िला उदयपुर में स्थित है, अधिमापन क्षेत्र 577.89 वर्ग फीट (कार्पेट एरिया) है। इसकी चार सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: खुली जगह, पश्चिम: 6 फीट की लॉबी, उत्तर: फ़्लैट नंबर ए-801, दक्षिण: फ़्लैट नंबर ए-803। **संपत्ति 2:**- एलआईजी फ्लैट नंबर ए-801, ब्लॉक ए, 8वीं मंज़िल, प्लॉट नंबर 01, **यहां** -रेवेन्यू विलेज बेडला, (खसरा नंबर 2439) ज़िला उदयपुर में स्थित , जिसका अधिमापन 577.89 वर्ग फीट (कार्पेट एरिया) है। इसकी चार सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: खुली जगह, पश्चिम: 6 फीट की लॉबी, उत्तर: खुली जगह, दक्षिण: फ़्लैट नंबर ए-802।	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि / नीलामी की तिथि	Rs.55,11,000/- / Rs.5,51,100/- / 15.07.2026 / 16.07.2026

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया व यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के लिए/सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट www.ugrocapital.com पर दिए गए लिंक को देखें या निम्न हस्ताक्षरकर्ता authorised.officer@ugrocapital.com अधिकारी से संपर्क करें: एडीएम विवेक कुमार - 9811915502, आरसीएम गुरप्रीत कलसी - 9855110826, एससीएम जालिम सिंह शेखावत - 7229910222 पर सम्पर्क करें।

स्थान: राजस्थान
दिनांक: 27.06.2026

हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)
यूजीआरओ कैपिटल लिमिटेड के लिए

'सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी'

सीमा सन्देश संवाददाता

धौलपुर। जिला फुटबाल संघ द्वारा आयोजित समर फुटबॉल लीग का समापन समारोह इंदिरा गांधी स्टेडियम पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर न्यू एरा पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अभिनव बेरी ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलने विद्यार्थी के लिए अति महत्वपूर्ण होता है यदि आप पढ़ाई के साथ खेल पर भी उसे ध्यान देते हैं , तो आपका सर्वांगीण विकास होगा इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ अपने पसंदीदा खेल को खेलना चाहिए।

समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए 14 आर ए सी बटालियन प्लाटून कमांडर सुजाता ने कहा कि खेलो इंडिया कार्यक्रम देश भर में चल रहा है खेलेगा इंडिया तभी तो फिट रहेगी इंडिया के साथ सभी खिलाड़ी अपने खेल पर ध्यान दें और नियमित अभ्यास कर अपने खेल में पारंगत हासिल करें। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि धौलपुर जैसे छोटे शहर में आपके द्वारा महानगरों की तर्ज पर जो आयोजन कराया गया है वह काबिले तारीफ है इससे फुटबॉल के खिलाड़ियों को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर चंद्रमल फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष राजवीर सिंह गुर्जर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से धौलपुर की खेल प्रतिभाओं को एक मंच प्राप्त होता है और जहां वह अपने खेल का प्रदर्शन बेहतर रूप से कर सकते हैं उन्होंने कहा कि आयोजकों द्वारा समर लीग में बेटियों को भी बेटों के साथ खेलने का अवसर मिला यह इस आयोजन की महत्वपूर्ण बात है। जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष गुरमीत मान ने बताया कि प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में 8 व सीनियर वर्ग में 4 टीमों ने भागीदारी निभाई । 2 टीमें बेटियों की थी ।

इस अवसर पर जिला फुटबाल संघ के सचिव संदीप राना कोच असलम खान द्वारा अतिथियों का माल साफा व स्मृति चिन्ह के माध्यम से सम्मान किया गया।

इस अवसर पर जूनियर वर्ग में सडन डेथ के माध्यम से रॉयल इवेंट 11 विजेता रही। महाराज फुटबॉल क्लब उपविजेता रही । तीसरे स्थान पर एस एस राघव एकादश रही । सीनियर वर्ग में चंबल फुटबॉल क्लब विजेता व घंटाघर फुटबॉल क्लब उपविजेता रहा ।

GRIHUM

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: छठी मंजिल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 ब्रांच ऑफ यूनिट: पहली मंजिल, जगदंबा टॉवर, एफ-11, आम्रपाली सर्कल, वैशाली नगर, जयपुर 302021

ई-नीलामी- बिक्री सूचना
सरफेसी अधिनियम के तहत
सुरक्षित अचल आस्ति की बिक्री

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002(अधिनियम) सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 व 9 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा जनसामान्य को और विशेष रूप से ऋणधारकों/सह-ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियों को **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** और (इसके बाद अधिनियम के अनुसार 'सुरक्षित लेनदार' के रूप में संदर्भित किया है) के पास बंधक रखा है, जिसका कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी ने अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन नोटिस की पालना में अधिनियम की धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूति हित(प्रवर्तन) नियम के नियम 8 व 9 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राप्त कर लिया है।

सुरक्षित आस्तियों को ई-नीलामी के माध्यम से 15.07.2026 को 'जो है जहां है', 'जो है क्या है' और 'वहां जो भी है' के आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा आमजन को सूचित किया जाता है कि हम वेबसाइट: https://www.bankeauctions.com. पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

क्र सं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और बकाया राशि (बी)	कब्जे का प्रकार(सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित राशि (ई)	ईएमडी (आरपी का 10 प्रतिशत) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि(जी)	बोली वृद्धि (एच)	सम्पत्ति निरीक्षण तिथि व समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/ कोर्ट केस, यदि कोई हो, (के)
1. 1	लोन नंबर HL00623100000005054738 और HL00623200000005052585 मीनाक्षी (ऋणधारक) चंद्र वीर सिंह (सह-ऋणधारक)	नोटिस की तारीखः 11-12-2025 कुल कुल बकाया राशिः रु. 34,66,597.00/-(रुपये चौंतीस लाख छियासठ हजार पाँच सौ सत्तानवे मात्र) जिसमें HL00623200000005052585 में 21,84,682.00/- और HL00623100000005054738 में 12,81,915.00/- शामिल है, जो 11-12-2025 तक देय है, साथ ही वसूली होने तक क्रमशः 12.35% और 12.85% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।	भौतिक	**प्रॉपर्टी 1-** स्कीम, वैशाली एलिगेंस, लालरपुरा, गांधी पथ वेस्ट, ज़िला जयपुर, राजस्थान में स्थित श्याम रेज़िडेंसी में प्लॉट नंबर 14 और 15 पर तीसरी मंज़िल पर मौजूद यूनिट नंबर 403 (बिल्ट-अप एरिया 240 वर्ग फीट) के समस्त खण्ड व हिस्से, इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व - प्लॉट नंबर 13, पश्चिम - 30 फीट चौड़ी सड़क, उत्तर - 40 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण - प्लॉट नंबर 15। **प्रॉपर्टी 2-** वैशाली एलिगेंस, लालरपुरा, गांधी पथ वेस्ट, ज़िला जयपुर, राजस्थान में स्थित श्याम रेज़िडेंसी स्कीम में प्लॉट नंबर 14 और 15 पर तीसरी मंज़िल पर मौजूद यूनिट नंबर 404 (पेंट हाउस) (बिल्ट-अप एरिया 640 वर्ग फीट) के समस्त खण्ड व हिस्से इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व - प्लॉट नंबर 13, पश्चिम - सड़क, उत्तर - सड़क, दक्षिण - प्लॉट नंबर 15।	1. एलएएन HL00623100000005054738 के विरुद्ध आरक्षित मूल्य रुपये 950000.00/- (रुपये नौ लाख पचास हजार मात्र) 2. एलएएन HL00623200000005052585: के विरुद्ध आरक्षित मूल्य राशि रुपये 2050000/- (रुपये बीस लाख पचास हजार मात्र)	1. एलएएन HL00623100000005054738 के विरुद्ध ईएमडी रुपये 95000.00/- (रुपये पिचानवे हजार मात्र) 2. एलएएन HL00623200000005052585: के विरुद्ध आरक्षित मूल्य राशि रुपये 205000/- (रुपये दो लाख पांच हजार मात्र)	14.07.2026 सायं 5 बजे से पहले	10,000/-	07.07.2026 (प्रातः 11- सायं 4 बजे)	15.07.2026 (प्रातः 11- सायं 2)	निल

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित लेनदार शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी स्वयं की पूछताछ करें और अतिरिक्त शुल्क, भारों और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोलियां जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति करों, बिजली/पानी का बकाया और संपत्ति से जुड़ा कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए। इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड **पता- प्लॉट नंबर-68 तृतीय तल गुड़गांव हरियाणा-122003. हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.com संपर्क -व्यक्ति धारनी पी, ईमेल आईडी- dharani.p@c1inida.com संपर्क नंबर- 9948182222** से अग्रिम रूप से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उन्हीं से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44 विमान नगर-411014 'गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड' के नीलामी आय खाता **बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- ICIC0000915** के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करना आवश्यक है, 15.07.2026 को या उससे पहले किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक पर आहरित किया और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड निःशुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को अपलोड किए गए निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां प्राप्त करने के लिए **यहां पता -पता:पहली मंजिल, जगदंबा टॉवर, एफ-11, आम्रपाली सर्कल, वैशाली नगर, जयपुर 302021 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com** को ई-मेल व स्व-अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता है। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु नियम व शर्तों के अधिक विवरण के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com या **www.grihumhousing.com** पर जाएं।

यह सूचना ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधककर्ता(ओं) जमानतदार(ों) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम - 2002 के के नियम 8(6) के अधीन 15 दिनों के नोटिस के रूप में भी ली जाये।

किसी भी स्थिति में, अगर स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी अखबार के प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर होता है, तो 'द इंडियन एक्सप्रेस' में प्रकाशित अंग्रेजी अखबार की सामग्री ही मान्य होगी।

दिनांकः 27.06.2026, स्थानः राजस्थान

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड